309691 - पैंट से जुड़े हुए मोज़े पर मसह करने का क्या हुक्म है?

प्रश्न

पैंट से जुड़े हुए मोज़े पर मसह करने का क्या हुक्म है (स्पष्टीकरण : जैसे कि बेली डांसर द्वारा पहना जाता है)? क्या इसे 'इस्बाल' [पतलून को टखने से नीचे रखना] माना जाएगा?

विस्तृत उत्तर

मोज़ों पर मसह करना जायज़ है, अगर वे टखनों को ढकते हैं और उन्हें संपूर्ण शुद्धता (वुज़ू) की स्थिति में पहना है। अर्थात जिसमें उसने अपने पैरों को धोया है। फिर इसके बाद अगर वह चाहे तो उनपर मसह कर सकता है।

मोज़ों पर मसह करने की शर्तों और उसकी विधि के बारे में जानकारी के लिए, प्रश्न संख्या : (12796) और (9640) देखें।

यदि मोज़ा पैंट से जुड़ा हुआ है, तो इससे कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। तथा इस पैंट को पहनना 'इस्बाल' (पैंट को टखने से नीचे रखना) नहीं माना जाएगा।

और अल्लाह ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।